हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

11 सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ



12 शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024 में पहुंचे सेना के अधिकारी



## खबर संक्षेप

### 112 बोतल कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने गांव पीरावली निवासी रत्न सिंह को गिरफ्तार करके उससे 112 बोतल अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में नियाणा गांव निवासी आशीष को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही देवेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में गीता कालोनी निवासी मंगल सिंह ने पिछले वर्ष 9 सितम्बर को अपना मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दी थी।

### आशा खेदड़ के जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी जताई

**आदमपुर।** उकलाना हलके से पूर्व भाजपा प्रत्याशी रही आशा खेदड़ के भाजपा जिला हिसार की जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम शर्मा, पवन जैन, प्रिंस शर्मा, वेदपाल शर्मा, शशिकांत आदि मौजूद रहे।

### पेयजल की राशि माफ करना एक अच्छा कदम

**हिसार।** सामाजिक संस्था सजग ने प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की बकाया राशि माफ करने को एक अच्छा कदम बताया है। सजग के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल ने कहा कि सरकार से मांग की है कि केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में सभी पानी के बकाया बिलों को माफ किया जाए।

### नियुक्तियों से पार्टी संगठन होगा मजबूत

**हिसार।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार इंदौरा ने पार्टी संगठन में की गई नई नियुक्तियों का स्वागत किया है। इन नियुक्तियों से पार्टी कार्यकर्ताओं में नए जोश व उत्साह का संचार हुआ है। इन नियुक्यिों से पार्टी संगठन और मजबूत होगा।

### योग व सेल्फ डिफेंस का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**हिसार।** बच्चों को विभिन्न कोर्स व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के साथ-साथ जरूरतमंद बच्चों को योग व आत्मरक्षा प्रशिक्षण निशुल्क करवाए जाएंगे। इस उद्देश्य से हांसी में अमर मार्केट में त्रिमूर्ति कोचिंग सेंटर की शुरुआत की गई है।

### हांसी पुलिस ने 128 वाहनों के किए चालान

**हांसी।** सीलिंग प्लान के तहत जिला पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जिला पुलिस क्षेत्र में 36 नाके लगाकर नाकाबंदी करके पूरे जिले को सील किया गया। नाकाबंदी करके 1505 वाहनों को चैक किया गया तथा यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 128 वाहनों के चालान किए गए।

# रात्रि पारे ने लगाया गोता, 4 डिग्री सेल्सियस के साथ हिसार प्रदेश में सबसे ठंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलते हिसार का रात्रि पारा एक बार फिर से गिरने लगा है। बृहस्पतिवार को हिसार का रात्रि पारा 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि प्रदेश में सबसे कम है। बुधवार के मुकाबले रात्रि पारा में 3.4 डिग्री की गिरावट है, जोकि सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्यिस कम है। अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, आईएमडी ने शुक्रवार को हिसार जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान घना कोहरा और ठंड बनी रहने की संभावना है।

### ठंड का ट्रिपल अटैक

हिसार और आसपास के एरिया में पिछले एक सप्ताह ठंड का प्रकोप देखने का मिल रहा है। कभी ठंड का ट्रिपल अटैक देखने को मिल रहा है। जिसके चलते कोल्ड डे, कोहरे के साथ सर्द हवाएं चलने के कारण आमजन ठिठुरने के लिए मजबूर हो गया है। पिछले दो दिनों से दोपहर बाद सूर्य निकालने के बाद भी बर्फीली हवाओं ने लोगों की कंपकंपी छुड़वाई हुई है। दिनभर इलाके में बार-बार नमी वाली हवाएं चलने से नमी बढ़ी। इसकी वजह से इलाके में कोहरा ने अपना रंग दिखाना शुरू किया। बृहस्पतिवार को हिसार और आसपास के एरिया में कोहरे की सफेद चादर छाई रही। इसके चलते रफ्तार पर ब्रेक लग रहा है। परिवहन के साधन रेंगने को मजबूर हैं और कुछ स्थानों पर कोहरे की वजह से दृश्यता 50 मीटर के आसपास रही।



### हिसार का तापामान

| तारीख | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| 29 दिसंबर | 14.5 | 8.2 |
| 30 दिसंबर | 14.6 | 7.7 |
| 31 दिसंबर | 13.2 | 9.0 |
| 1 जनवरी | 12.0 | 8.3 |
| 2 जनवरी | 10.5 | 7.2 |
| 3 जनवरी | 12.0 | 7.4 |
| 4 जनवरी | 12.0 | 4.0 |

### मौसम खुश्क रहने की संभावना

हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार 6 दिसंबर तक मौसम आमतौर पर खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान हल्की गति से उत्तरपश्चिमी शीत हवाएं चलने की संभावना है। इससे राज्य में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी रहने परंतु रात्रि तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है परंतु इस दौरान ज्यादातर क्षेत्रों अलसुबह धुंध रहने की संभावना है।

## नगर निगम हाउस की दो दिवसीय बैठक में शहर की कई परियोजनाओं पर चर्चा

# ट्रैफिक जाम से छुटकारा दिलवाने के लिए लघु सचिवालय के पास बनेगा आरओबी

- सही आंकड़े पेश नहीं करने पर एएफएसओ पर कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नए साल में शहर की जनता को विकास की अनेक परियोजनाएं मिलने वाली है। लघु सचिवालय के पास चौराहे पर ट्रेफिक जाम की समस्या से छुटकारा दिलवाने के लिए लगभग 24 करोड़ की लागत से आरओबी बनाया जाएगा। इसके अलावा एक आरओबी घोड़ा फार्म रोड पर रेलवे लाइनों पर बनाने की योजना है, जिसकी ड्राइंग रेलवे को भेज दी गई है। सेक्टर 1-4 में स्कूल बनाया जाएगा। इसके अलावा कई अन्य विकास कार्य भी होने हैं।

इन सब योजनाओं पर चर्चा हुई बृहस्पतिवार को हुई निगम हाउस की अंतिम बैठक के पहले दिन। मेयर गौतम सरदाना की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस बात पर प्रशंसा जताई गई कि हिसार के निगम हाउस की बैठक की गरिमा का प्रदेश के सभी शहरों पर जिक्र होता। मुख्यमंत्री मनोहर लाल व निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता भी इसकी प्रशंसा कर चुके हैं। इस दौरान सही आंकड़े पेश नहीं करने पर फूड सप्लाई विभाग के एएफएसओ दीपक के खिलाफ मेयर ने कार्रवाई के आदेश दिए। इससे पूर्व बैठक का संचालन निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने किया। उप-निगम आयुक्त विरेन्द्र सहारण ने एजेंडे पढ़े।



हिसार। बैठक में उपस्थित मेयर गौतम सरदाना, निगमायुक्त प्रदीप दहिया व अन्य।

### डेंगू के आंकड़ों पर पार्षद ने उठाए सवाल

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा पेश किए जा रहे आंकड़ों पर पार्षद जगमोहन मित्तल ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जो आंकड़े पेश किए जा रहे हैं, उनमें कोई सच्चाई नहीं है बल्कि इससे कई गुणा केस व डेंगू से मौत के मामले वे बता सकते हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक बार तो अपने आंकड़ों को सही बताया लेकिन जब पार्षद ने उनकी जांच की बात कही और एक निजी अस्पताल का उदाहरण दिया तो वे चुप हो गए। इस पर मेयर ने कहा कि जो भी अस्पताल अपने डेंगू की रिपोर्ट प्रस्तुत न करें और विभाग को न भेजें, उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

### 11 कॉलोनियों का हुआ सर्वे

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों ने बताया कि शहर में कुल 11 कॉलोनी के सर्वे के लिए आदेश आए थे। नगर निगम द्वारा 8 कॉलोनियों का सर्वे किया जा रहा है। ले आउट पूरा होते ही प्लानिंग विभाग अपना कार्य पूरा कर देगा।

### राशन डिपो की करें जांच

फूड सप्लाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शहर में कुल 101 डिपो चलाए जा रहे हैं। निगम क्षेत्र में 1610 कार्ड पर राशन दिया जा रहा है। कुल 37656 बीपीएल कार्ड बनाए गए हैं जिसका 155668 लोग फायदा उठा रहे हैं। मेयर ने अधिकारियों से कहा कि वह प्रत्येक डिपो पर जाकर उनकी जांच करें कि क्या लोगों को पूरा राशन मिल रहा है। मेयर सरदाना ने एएफएसओ दीपक के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विभाग को लिखने के निर्देश दिए।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इसके अलावा अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता संदीप सिहाग, सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, जयप्रकाश, अमिता सिंह मिंटू, कविता केडिया, शालू दीवान, ज्योति महाजन, अंबिका शर्मा, सरोज बाला, डॉ. उमेद खन्ना, मनोहर लाल, भूप सिंह रोहिला, बिमला देवी, जगमोहन मितल, प्रीतम सैनी, पिंकी नरेंद्र शर्मा, कैप्टन नरेंद्र शर्मा व सतीश सुरलिया मौजूद रहे।

### लोक निर्माण विभाग निशाने पर रहा

नगर की विभिन्न सड़कों के मामले में लोक निर्माण विभाग पार्षदों, मेयर व आयुक्त के निशाने पर रहा। मेयर गौतम सरदाना ने कहा कि सूर्यनगर रेलवे ब्रिज के रोड 15 अक्टूबर को उद्घाटन होने के बाद भी उस पर अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ। इस पर अधिकारियों ने बताया कि उनके पास रोड व बजरी कंक्रीट रखने के लिए उचित व्यवस्था में होने के कारण कार्य में देरी हुई।

### सेक्टर 1-4 में बनेगा आरोही स्कूल

बैठक में मौजूद जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उनके विभाग की ओर से सेक्टर 1-4 में आरोही स्कूल बनाया जाएगा जबकि शिवनगर की जमीन पर केस पेंडिंग होने के कारण वहां पर अभी तक निगम द्वारा शिक्षा विभाग को जमीन ट्रांसफर नहीं हो सकी। वार्ड 8 में प्राइमरी स्कूल बनाया जाएगा। वार्ड नंबर 11 में गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनाया जाएगा।

## स्कूल व सेनेटरी हार्डवेयर की दुकान पर सीएम फ्लाइंग की छापेमारी

- न्यू मॉडल टाउन में छुट्टी के बावजूद खुला मिला स्कूल

**हिसार।** सीएम फ्लाइंग की विभिन्न टीमों ने जिले में दो स्थानों पर छापे मारे। एक स्थानों पर जहां घरेलू गैस सिलेंडर पकड़े गए वहीं शहर के न्यू मॉडल टाउन में छुट्टी के बावजूद निजी स्कूल में बच्चे हाजिर पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी को मौके पर बुलवाकर स्कूल को नोटिस दिलवाए गए। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि सरकार ने एक से 15 जनवरी तक सर्दियों की छुट्टियां कर रखी है लेकिन हिसार के न्यू मॉडल टाउन में एक निजी स्कूल खुला हुआ है। सूचना के बाद न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन में सीएम फ्लाइंग ने जागृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छापा मारा। सीएम फ्लाइंग की टीम ने पाया कि छुट्टियों की घोषणा के बाद भी स्कूल में 10 कक्षा के छात्र-छात्राओं की क्लास चल रही है। सीएम फ्लाइंग के इंचार्ज एसआई बजरंग, एएसआई अनिल व शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश ने संयुक्त रूप से छापा मारा। जांच में पाया गया कि 10वीं कक्षा में 20 छात्र व 23 छात्राएं में हाजिर मिले। अधिकारियों द्वारा पूछताछ करने पर वहां मौजूद स्टाफ ने बताया कि मैथ व सांइस विषय की पढ़ाई के लिए ही बच्चों स्कूल में बुलाया गया। सीएम फ्लाइंग एसआई बजरंग ने बताया कि स्कूल संचालक से पूछताछ कर रिपोर्ट तैयार उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

### अवैध घरेलू गैस सिलेंडर पकड़े

एक अन्य मामले में सीएम फ्लाइंग की टीम ने बहबलपुर गांव में घरेलू गैस के अवैध इस्तेमाल की शिकायत पर छापा मारा। टीम ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक पंकज शर्मा, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह व सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार की टीम ने बहबलपुर में श्री बाबा सैनेटरी एंड हार्डवेयर स्टोर पर छापा मारा। यहां पर स्टोर मालिक राजेश गोयल मौके पर मिला। निरीक्षण के दौरान 8 घरेलू सिलेंडर भरे हुए व 4 सिलेंडर खाली मिले। इस संबंध में सदर पुलिस को सूचना दे दी गई।

# किसानों का अनोखा प्रदर्शन, बैलों की जगह खुद खींचा हल

- एचएयू के 4 नंबर गेट के सामने से लघु सचिवालय तक किसानों का पैदल मार्च
- प्रशासन से वार्ता रही विफल, किसानों और प्रशासन में नहीं बनी सहमति
- 26 जनवरी से डीसी कार्यालय पर फिर से पक्का मोर्चा लगाने का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पांच संगठनों के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को किसान बैल की जगह खुद को जुए में जोतकर हल चलाते हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के चार नंबर गेट से विरोध प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय तक पहुंचे। इस दौरान सचिवालय के मुख्य गेट पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

पुलिस ने किसानों को लघु सचिवालय में प्रवेश नहीं करने दिया। इस दौरान किसानों ने एसडीएम को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। बाद में किसान संगठनों के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की एडीसी से 1 घंटे की मीटिंग हुई लेकिन प्रशासन से वार्ता विफल रही। किसान संगठनों ने 26 जनवरी को दोबारा से पक्का मोर्चा डीसी आफिस पर लगाने का फैसला लिया गया।

किसान संगठनों ने सौंपा ज्ञापन में जिले के 72 गांवों के किसानों को बकाया मुआवजा देना, राष्ट्रीय मुद्दों एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून लागू करवाना, किसान और मजदूर संपूर्ण कर्ज मुक्ति, मनरेगा को कृषि से जोड़कर मनरेगा मजदूरों की 600 रुपये दिहाड़ी दी जाए और सी2 जमा 50 के तहत यानी की लागत का डेढ़ गुना भाव देकर स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की जाने का उल्लेख किया है।






हिसार। सरकार की किसान विरोधी नीतियों व अपनी मांगों को लेकर जुए में जुते किसान व लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते विभिन्न संगठनों से जुड़े किसान।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कोथ, भाकियू प्रदेश प्रेस प्रवक्ता जोगेंद्र मय्यड़, पगड़ी संभाल जट्टा के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान, सात बास के प्रधान बलवान मलिक, बारह खाप के प्रधान रतन सिंह मिलकपुर, धर्मपाल बडाला, सतीश बेनीवाल, अनिल गोरछी, दिलबाग हुड्डा, कृष्ण माजरा, राम अवतार सुलचानी, सत्यवान कनोह, अमरजीत मोड़ी, छत्रपाल, सुंदर, सुखविंदर औलख, कृष्ण किरमारा, समुद्र मलिक व संदीप सिवाच सहित भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

# पार्षदों ने एसडीएम को गिनवाई समस्याएं

- तय अवधि में समस्याओं को समाधान नहीं करने वाले अफसर नपेंगे : एसडीएम
- नगर परिषद के अधिकारियों तथा नगर पार्षदों के साथ समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम ने की संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

शहर में सीवरेज, जल आपूर्ति, साफ-सफाई तथा सड़कों से संबंधित हर प्रकार की समस्या के समाधान को लेकर एसडीएम मोहित महराणा ने बृहस्पतिवार को नगर पार्षदों तथा नगर परिषद के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक की। बैठक में सभी नगर पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को एसडीएम के समक्ष रखा। एसडीएम ने सभी नगर पार्षदों द्वारा रखी गई समस्याओं को गंभीरता से सुना।

एसडीएम ने कहा कि जो नगर पार्षद इस बैठक में नहीं पहुंच पाए उन वार्डों की समस्याओं को सुनने के लिए 5 जनवरी को नगर पार्षदों की एक और बैठक का आयोजन किया जाएगा। नगर पार्षदों के साथ बैठक कर शहर की सभी समस्याओं को लिया जाएगा। इसके बाद नगर पार्षदों द्वारा रखी गई समस्याओं के समाधान के लिए एक-एक कर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली जाएगी और प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए समय अवधि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर किसी विभाग के अधिकारी निर्धारित समय अवधि के अंदर समस्या का समाधान नहीं करवाते तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



हांसी। नगर पार्षदों तथा नगर परिषद के अधिकारियों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते एसडीएम मोहित महराणा। फोटो : हरिभूमि

# थानों के समीप अज्ञात ने किया नगर परिषद के जेई पर हमला, केस दर्ज

- वारदात के समय शहर के प्रमुख ठेकेदार के साथ थे जेई, पूरा मामला सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

शहर के तीन-तीन पुलिस थानों से समीप स्थित बाबा बंदा बहादुर सामुदायिक केंद्र के सामने बुधवार देर रात नगर परिषद के जेई पर तीन-चार युवकों ने हमला कर दिया। हालांकि हमले के दौरान जेई ने हमलावरों को चकमा देकर मौके से भाग कर अपनी जान बचाई। जेई के साथ हुई मारपीट की पूरी घटना सामुदायिक केंद्र के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने जेई सचिन की शिकायत के आधार पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

हमलावरों ने जिस जगह पर वारदात को अंजाम दिया उससे 50 मीटर की दूरी पर ही सीआईए, शहर थाना और सदर थाना स्थित है। पुलिस को दी गई शिकायत में नगर परिषद के जेई सचिन ने बताया कि वह बुधवार की रात को आठ बजे के करीब जेई मोहित ढोकल व रवि कुमार के साथ खाना खाने के बाद रात को रुकने के लिए बंदा बहादुर सामुदायिक केन्द्र पहुंचा था। उस दौरान उसके साथ ठेकेदार संदीप बंसल व उसका कर्मचारी चरणजीत सिंह भी था। सचिन ने बताया कि ह घूमने के इरादे से सामुदायिक केन्द्र के बाहर आया तो वहां पहले से खड़े 3-4 युवकों ने अचानक उस पर डंडों से हमला कर दिया।



हांसी। सीसीटीवी फुटेज में जेई पर हमला करते आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### हमलावर युवकों की हुई पहचान : एसएचओ

*जेई सचिन के बयान के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपित जिस गाड़ी में सवार होकर हांसी आए थे वह हिसार की थी और उसकी पहचान कर ली गई है। गाड़ी मालिक के अनुसार कल शाम को उसके दोस्त उससे गाड़ी मांग कर लेकर गए थे। गाड़ी मालिक से हमलावरों की पहचान हो चुकी है और जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। -उदयभान गोदारा, प्रभारी, शहर थाना*

## कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने किया सॉफ्टवेयर का उद्घाटन

# जीजेयू ने पेपर सेटिंग के लिए तैयार किया अपना सॉफ्टवेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने पेपर सेटिंग के लिए अपना खुद का सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया है। यह सॉफ्टवेयर परीक्षा संचालन व पेपर सेटिंग में अत्यंत उपयोगी होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बृहस्पतिवार को इस सॉफ्टवेयर का उद्घाटन किया।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि यह सॉफ्टवेयर नवीनतम तकनीक लारावेल प्लेटफार्म का उपयोग करके बनाया गया है, जो कि परफॉरमेंस व सिक्योरिटी के मामले में अत्यंत बेहतर है। शिक्षक पेपर बनाकर इस सॉफ्टवेर के माध्यम से ऑनलाइन सबमिट कर देंगे, जिससे यह कार्य पेपरलेस होगा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगा।

### ऐसे कार्य करेगा सॉफ्वेयर

इस साफ्टवेयर में गोपनीय शाखा, शिक्षकों, कोर्सिज व विषयों का डाटा अपलोड किया जाएगा। उसके बाद विषय विशेषज्ञ को पेपर्स आबंटित किए जाएंगे।

सॉफ्टवेयर अपने आप शिक्षकों को ईमेल व मोबाइल पर मेसेज भेजकर सूचित कर देगा। इसके बाद शिक्षक पेपर बनाकर अपलोड कर देंगे। गोपनीय शाखा पेपर को डाउनलोड करके पेपर प्रिंट करवा देगी। उसके बाद परीक्षाएं संचालित की जाएंगी।



हिसार। पेपर सेटिंग सॉफ्टवेयर का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### पेपर लीक होने की नहीं होगी संभावना

यह सॉफ्टवेयर आईटी सेल के प्रभारी डॉ. जय भगवान व जूनियर प्रोग्रामर राहुल ने मिलकर तैयार किया है। आईटी सैल के प्रभारी व सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ डॉ. जय भगवान ने बताया कि इस सॉफ्टवेयर से परीक्षाओं में पेपर लीक होने की संभावना समाप्त हो जाएगी। भविष्य में इस सॉफ्टवेयर को अन्य शिक्षण संस्थानों से सांझा किया जा सकता है। इससे भी विश्वविद्यालय को आर्थिक लाभ होगा।

### विश्वविद्यालय को इस सॉफ्टवेयर से आर्थिक लाभ होगा

*कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने बताया कि खुद का सॉफ्टवेयर बनने से विश्वविद्यालय को इसके लिए किसी प्रकार के वार्षिक मेंटेनेंस खर्च करने की जरूरत नहीं होगी। इससे परीक्षा संचालन में तीव्रता आएगी। यह सॉफ्टवेयर सुरक्षित होगा तथा परीक्षा शाखा का कार्य पारदर्शिता से होगा। साथ ही शिक्षक अपना पेपर सेटिंग का रिकॉर्ड इसमें मैंटेन कर पाएंगे।*

*यह रहे उपस्थित:* इस अवसर पर विश्वविद्यालय के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा, शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. देवेन्द्र कुमार, नेटवर्क सैल के प्रभारी प्रो. संजीव कुमार, डॉ. जयभगवान, जूनियर प्रोग्रामर राहुल, कुलपति के ओएसडी संजय सिंह, डॉ. अंजू गुप्ता, राजेश पूनिया, डॉ. सोमदत्त व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



रोचक / प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, अगर तुम विंटर वेकेशन पर अपनी फैमिली के साथ कहीं स्नोफॉल वाले इलाके में जाने का प्लान कर रहे हो तो कुछ क्रिएटिव-मजेदार आउटडोर गेम्स और एक्टिविटीज के बारे में जरूर जान लो, ताकि वहां जाकर इन्हें एंज्वॉय करो।

# विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर एक्टिविटीज संग

बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर फैमिली के साथ मजे करने के लिए आउटडोर एक्टिविटीज एक बहुत मजेदार ऑप्शन है। यहां हम तुम्हें कुछ एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर वेकेशन का मजा दोगुना कर देंगी।

### स्नोमैन या स्नो एनिमल्स

बर्फबारी वाले इलाके में फैमिली के साथ जमीन पर पड़ी बर्फ से स्नोमैन बनाने से बेहतर यादगार लम्हा कुछ और नहीं हो सकता। बच्चों, अगर तुम इस एक्टिविटी में क्रिएटिव बदलाव लाना चाहते हो तो स्नोमैन के बजाय अपने किसी फेवरेट एनिमल जैसे- भालू, बिल्ली, कुत्ता, पेंगुइन की आकृति भी बना सकते हो। इन्हें देखकर बहुत मजा आएगा।

### आइस स्केटिंग

विंटर में जहां बर्फबारी होती है या तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है। वहां आउटडोर एक्टिविटीज में आइस स्केटिंग सबसे



मजेदार खेल है। आइस स्केटिंग आउटडोर रिंक (एक निर्धारित आइस कोर्ट) पर करते हैं। अधिकांश रिंक में बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों के लिए भी आइस स्केट्स उपलब्ध होती हैं। यहां बच्चों एक बात का ध्यान रखना कि आइस स्केटिंग करते समय अपने सिर और अंगुलियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और मोटे दस्तानें जरूर पहन लेना।

### स्कीइंग-स्नो बोर्डिंग गेम्स

बच्चों, स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग बहुत मजेदार गेम्स हैं। बर्फबारी वाली पहाड़ी पर ये दोनों गेम खेलने में बहुत मजा आता है। बच्चों के लिए भी स्कीइंग और स्नोबोर्ड के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर तुम स्कीइंग में नए हो तो वहां पर तुम्हें स्की ट्रेनर भी मिल जाएगा। एक बार जब तुम स्कीइंग या स्नोबोर्ड चलाना सीख जाओगे तो इसमें बहुत मजा आएगा।



### रंगीन बर्फ के गोले

बच्चों, स्नोफॉल होने पर तुम रंग-बिरंगे बर्फ के गोले बना सकते हो। इसके लिए जमीन पर गिरी बर्फ को इकट्ठा करके थोड़ा गर्म करके पिघला लो। पानी ठंडा होने पर गुब्बारे में भर लो, इसी के साथ तुम खाने में उपयोग किए जाने वाले रंग की कुछ बूंदें भी इसमें मिला सकते हो। इसके बाद रंगीन पानी के गुब्बारों को घर के बाहर पड़ी बर्फ में डालकर ऊपर से बर्फ से ढंक दो, इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दो। एक बार रंगीन पानी जम जाने पर, गुब्बारों को



फोड़ो। अब तुम्हारे पास अपनी पसंद के रंगों के सुंदर बर्फ के गोले होंगे। इन्हें सजाने के लिए या खेलने के लिए बाहर ले जा सकते हो।

### बर्फ का महल

बच्चों, गर्मियों में रेत के महल तो तुमने खूब बनाए होंगे, विंटर में बर्फ का महल बनाना भी बहुत मजेदार एक्टिविटी है। रेत के महल बनाने के उपकरण जैसे कप, कटोरे, फावड़े आदि की जरूरत होती है, बर्फ के महल के लिए भी इन उपकरणों की जरूरत होगी। इनकी मदद से अपने भाई-बहन और पैरेंट्स के साथ बर्फ का महल बनाओ फिर इसे पेड़ के पत्तों से सजाओ। महल को अनोखा बनाने के लिए इसमें थोड़ा रंगीन पानी भी डाल सकते हो। *





### पेट के लिए बनाओ स्पेशल स्नो केक

**केक किस** को पसंद नहीं होता, हर किसी को केक पसंद होता है, यहां तक कि पेट एनिमल्स को भी। बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर तुम अपने पेट के लिए स्नो केक बना सकते हो। जमीन पर एक बड़ा स्नो केक बनाने के लिए बर्फ का उपयोग करो। अपने एनिमल की फेवरेट चीजों को बर्फ के ऊपर सजा सकते हो। तुम्हारा पेट एनिमल स्नो केक देखकर बहुत खुश हो जाएगा। *

# माउंट एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला बार-हेडिड गूज

अनोखा पक्षी



बच्चों, इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तुम्हें सुबह-सुबह रजाई से बाहर आने में बहुत आलस आता होगा। जरा-सा ठंडा पानी शरीर पर लग जाए तो पूरे शरीर में कंपकंपी होने लगती होगी। दुनिया में एक ऐसा पक्षी है, जो ऐसी कड़ाके की ठंड में हिमालय पर्वत शृंखला के ऊपर आसानी से उड़ान भर लेता है। इस अनोखे पक्षी का नाम बार-हेडिड गूज है। यह हंस की एक प्रजाति है, जिसे अपने देश में राजहंस कहा जाता है।

बच्चों, बार-हेडिड गूज प्रजाति बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, भारत, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, थाईलैंड और वियतनाम देशों में पाई जाती है। यह प्रजाति सर्दी के मौसम में भारत की ओर प्रवास करती है। इस दौरान यह पक्षी हिमालय पर्वत शृंखला को पार करता है। यह औसतन 20,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरता है। इसलिए बार-हेडिड गूज का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में शामिल है। उड़ान भरने के दौरान जब यह हिमालय के मध्य से उड़ान भरता है तो हवा की गति 322 किमी. प्रति घंटा होती है। जानकारों के अनुसार पर्वतारोहियों ने बार-हेडिड गूज को माउंट एवरेस्ट की चोटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए देखा है, यह ऊंचाई करीब 30,000 हजार फीट से अधिक होगी। इसके अलावा बार-हेडिड गूज लगातार लंबी दूरी तक की उड़ान भरने में सक्षम है। कहा जाता है कि यह पक्षी एक ही दिन में बिना रुके 1,000 मील यानी करीब 1,609 किमी. की दूरी तय कर सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी वजह इस पक्षी के शक्तिशाली पंख होते हैं। साथ ही इस पक्षी की रक्त कोशिकाओं में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है, जो काफी ऊंचाई पर भी ऑक्सीजन को बहुत जल्दी अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए यह हिमालय पर्वत शृंखला को आराम से पार कर लेता है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

### बूझो तो जानें



1
मूंग नहीं लेकिन फली निराली,
जाड़ों की मेवा कहलाती।
बड़े स्वाद से मुझको खाते
तन में सबके शक्ति बढ़ाती।।

2
नन्हा हूं लेकिन शक्ति बढ़ाता,
सफेद, काला दो रंग में आता।
गजक, लड्डू बनते हैं मुझसे,
सर्दी लगने से मैं हूं बचाता।

3
किश और मिश में नाम छिपा है,
बड़ी मुलायम शक्ति वाली।
बच्चे-बूढ़े सबको मैं भाऊं,
खीर का स्वाद बढ़ाने वाली।।

4
तन मेरा है बड़ा कठोर,
तोड़ो तो मस्तक-सा चित्र।
जो खाता मेरे फल को,
शक्ति दूं मैं सच्चा मित्र।।


-डॉ. राकेश चक्र



उत्तर- 1-मूंगफली, 2-तिल, 3-किशमिश, 4-अखरोट

कविता / इंद्रजीत कौशिक

### रजाई



जब से देखो सर्दी आई
मुझको भाने लगी रजाई।
जब इसमें घुस जाता हूं,
बाहर नहीं फिर आता हूं।
नींद बहुत प्यारी आती,
आंख सुबह ही खुल पाती।
अच्छे-अच्छे सपने आते,
सपने में ही हलुवा खाते।
मम्मी आकर मुझे जगाती,
शाला की फिर याद दिलाती।
हर रोज बस यही कहानी,
नहीं रजाई का कोई सानी।



### जीके क्विज-86

1. मध्य प्रदेश का उज्जैन जिला किस नदी के तट पर बसा है?
2. देश में सबसे बड़े आकार वाली वीणा प्रतिमा कहां स्थापित की गई है?
3. भारत का एक राज्य, जो कभी भी अंग्रेजों का गुलाम नहीं हुआ था?
4. हाल में वित्त आयोग का नया अध्यक्ष किसे बनाया गया?
5. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस राज्य को 'कोयले का भंडार' कहा जाता है?
7. भारत की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखला का क्या नाम है?
8. महात्मा गांधी से पहले भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर छपती थी?
9. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?
10. टी-20 मैच की एक पारी में कितने ओवर खेले जाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-86 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-85 का उत्तर :** 1-विष्णुदेव साय, 2-डॉ. मोहन यादव, 3-वृंदा घनश्याम राठी, 4-88, 5-मछली, 6-इलायची, 7-ताजमहल, 8-सरदार वल्लभभाई पटेल, 9-शतरंज, 10-3,600 सेकेंड

**जीके क्विज-85 का सही उत्तर देने वाले :** पूर्वी-दुर्ग, आकांक्षा-अहमदाबाद, रौनक-जांजगीर, ईशान-अहमदाबाद, आदित्य-धमतरी, अयान-भिलाई, गीतेश-रायपुर, दुर्गेश-बालोद, किशन-धमतरी, कृष-अनुपपूर, चेतन-बालोद,

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

स्कूल जाते समय शशांक जब सर्दी में एक भिखारी को ठंड से कांपता देखता तो उसको भिखारी पर बहुत दया आती। शशांक ने भिखारी की मदद करने की सोची। जब उसने अपने पापा-मम्मी से यह बात कही तो वे बोले, 'दुनिया में बहुत सारे गरीब-दुखियारे हैं, किस-किस की मदद करोगे?' लेकिन शशांक माना नहीं, उसने जो किया, उससे उसे ही नहीं, मम्मी-पापा को भी अनोखी खुशी मिली।

# अनोखी खुशी





सुबह स्कूल जाते समय बस की खिड़की से शशांक एक भिखारी को सड़क किनारे भीख मांगते हुए देखता था। उस भिखारी के कपड़े मैले-कुचैले और फटे-पुराने होते थे। वह सर्दी से ठिठुरता रहता था। उसकी एक टांग भी घुटने से नीचे कटी हुई थी। भिखारी को देखकर शशांक को उस पर दया आती। उसका मन करता कि भिखारी की कोई मदद करे।

एक दिन रात के समय खाना खाने के दौरान शशांक ने मम्मी-पापा को उस भिखारी के बारे में बताया। उसने यह भी कहा कि उस भिखारी को सर्दी से बचाने के लिए हमें कुछ करना चाहिए।

शशांक की बात सुनकर पापा बोले, 'बेटा, दुनिया में ना जाने कितने गरीब-दुखियारे हैं। हम किस-किस की मदद करेंगे?' बीच में मम्मी भी बोलीं, 'दूसरे लोग भी तो उस भिखारी को देखते होंगे, कोई और कर देगा मदद।'

लेकिन शशांक पर मम्मी-पापा की बात का कोई असर नहीं हुआ, वह बोला, 'मम्मी-पापा, सर्दी के इस मौसम में उसे कितनी मुश्किल होती होगी। आप उसे देखेंगे तो आपको भी उस पर बहुत दया आएगी।'

थोड़ी देर की बातचीत के बाद अंत में यही तय हुआ कि आने वाले रविवार को पापा शशांक को साथ लेकर उस भिखारी को देखने जाएंगे। रविवार को जब पापा और शशांक उस जगह पहुंचे, जहां वह भिखारी बैठकर भीख मांगता था, वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह आज भीख मांगने नहीं आया है। यह भी मालूम हुआ कि वह पास की गली में कहीं रहता है।

पापा और शशांक उस भिखारी को ढूंढ़ते हुए उसके पास पहुंचे तो पता चला कि सर्दी लग जाने के कारण उसे बुखार था। इसी कारण वह भीख मांगने नहीं गया। पापा को भी उस भिखारी को देखकर दया आई। कुछ देर बाद पापा और शशांक घर लौट आए। उन्होंने मम्मी को भी भिखारी की स्थिति के बारे में बताया। मम्मी को भी उस पर बहुत तरस आया। मम्मी-पापा ने उस भिखारी की मदद करनी चाही, लेकिन यह समझ नहीं आ रहा था कि मदद की कैसे जाए? तभी शशांक बोला, 'पापा, यह दीवार पर आपकी जो फोटो लगी है, उसमें आपने बंद गले का कोट पहना हुआ है, लेकिन अब आप यह कोट पहनते नहीं। पापा, यह कोट कहां है?' 'शशांक, यह कोट बहुत पुराना हो गया था, इसलिए उसे पहनना बंद कर दिया। वह कोट किसी अटैची में ही बंद रखा है।' पापा ने बताया।

यह सुनते ही शशांक बोला, 'पापा, क्यों न यही कोट उस भिखारी को दे दिया जाए, वह ठंड से बच जाएगा।'

शशांक की बात मम्मी-पापा को पसंद आई।

तभी मम्मी को कुछ याद आया और वह बोलीं, 'एक गर्म जुराब भी पड़ी है, लेकिन सिर्फ एक पैर की। इसके साथ की दूसरी जुराब ना जाने कहां गुम गई थी। वह जुराब भी हम उस भिखारी को दे सकते हैं।'

यह सुनकर शशांक उत्साह से भर उठा, बोला, 'पापा, आज शाम को ही चलते हैं, उस भिखारी को कोट और जुराब देने!'

शाम को जब पापा और शशांक उस भिखारी के पास जाने लगे, तो मम्मी ने उस भिखारी के लिए गर्म खाना भी पैक करके दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि उसे गर्म चाय भी पिला देना। पापा ने बुखार के लिए दवाई भी रख ली।

भिखारी को सारा सामान देकर कुछ देर बाद शशांक जब पापा के साथ वापस घर आया तो बहुत खुश था। साथ में मम्मी-पापा को भी एक अनोखी खुशी-सी महसूस हो रही थी। अगले दिन शशांक के स्कूल की छुट्टी थी। मंगलवार को जब वह स्कूल जा रहा था तो उसने बस की खिड़की से देखा, वही भिखारी उसके पापा का बंद गले का कोट पहन कर सड़क किनारे बैठा भीख मांग रहा था। उसने बाएं पैर में वही गर्म जुराब भी पहनी हुई थी। यह सब देख शशांक को एक बार फिर से बहुत खुशी हुई। *

जंतु-जगत / अशोक जोशी

# सर्दियों में शीतनिद्रा में चले जाते हैं भालू

बच्चों, भालू सर्दियों के दौरान शीतनिद्रा में चले जाते हैं। इसे जीव विज्ञान की भाषा में हाइबरनेशन कहा जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भालू पूरी सर्दी में बस सोते ही रहते हैं। भालुओं के लिए शीतनिद्रा का मतलब है कि उन्हें खाने या पानी पीने की जरूरत नहीं होती है। उन्हें शौच करने की जरूरत भी बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती है। यदि भोजन बहुत कम या बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, तो सर्दियों के दौरान भालुओं को अपनी मांद में रहना पड़ता है।



बच्चों, अलास्का (जहां सर्दी बहुत ज्यादा पड़ती है) में भालू साल के लगभग सात महीने शीतनिद्रा में रहते हैं। गर्म, तटीय क्षेत्रों में यह समय दो से पांच महीने का होता है। नवजात शावकों को पालने वाले भालुओं के लिए शीतनिद्रा का समय लंबा होता है।

भोजन और पानी के बिना लंबे समय तक जीवित रहने के लिए भालुओं में अनुकूलन विशेषताएं यानी एडाप्टेशन क्वालिटीज डेवलप हो जाती हैं। भालू अपने शरीर का तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस कम कर लेते हैं, और ऊर्जा के लिए शरीर में संरक्षित वसा भंडार (फैट स्टोरेज) को तोड़ देते हैं। इसके लिए वो शरीर में स्टोर एक्स्ट्रा प्रोटीन का भी उपयोग करते हैं। अपने शरीर में गर्मी को बेहतर ढंग से बचाए रखने के लिए भालू अपना स्थान बदलते रहते हैं।

बच्चों, तुमने चिड़ियाघर में सर्दी के मौसम में भालुओं को देखा होगा। वहां भालू के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाता है। भालू को अपना भोजन ढूंढ़ने बाहर नहीं जाना पड़ता है। सर्दियों के दौरान उनकी गति धीमी हो जाती है, वे सामान्य से अधिक समय तक सोते हैं। कुछ चिड़ियाघर के भालुओं को साल भर खाना खिलाया जाता है, इसलिए वे शीतनिद्रा में नहीं जाते हैं। वहीं, कुछ चिड़ियाघरों में भालुओं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखने के लिए सर्दियों में लंबे समय तक सोने दिए जाता है, ताकि वो स्वस्थ्य रहें और उनका वजन ज्यादा ना बढ़े। *

### रंग भरो-141

**रंग भरो-141** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



सौम्य, बालोद



समृद्धि, शहडोल



पूनम, बिलासपुर



रुकमणी, कबीरधाम



ईशानी, कोरबा

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

रेयांश-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, मीनू-महेंद्रगढ़, जितेंद्र-रोहतक, माही-गुना, हार्दिक-बिलासपुर, हंसराज-कोरबा, कार्तिक-दिल्ली, खुशी-रायपुर, चंपक-भोपाल, कविता-जबलपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, विभा-रोहतक, तानिया-महासमुंद, गगन-भोपाल

### रंग भरो 142





बच्चों, यहां पर एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा अपने डॉगी को खाना खिला रहा है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

### सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बर्फ के गोले के साथ खेलती एक बच्ची का चित्र दिया गया है। चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो बच्ची के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।







उत्तर : E

**खबर संक्षेप**

### व्यक्ति को ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, घायल

**हांसी।** बैंक से पैसे निकलवाने जा रहे एक व्यक्ति को ई- रिक्शा ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच घायल ढाणी पुरियां निवासी वीरेंद्र की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में वीरेंद्र ने बताया कि दोपहर को एचडीएफसी बैंक से रुपये निकलवाने के लिए जा रहा था।

### किसानों का पक्का मोर्चा दूसरे दिन भी जारी

**हिसार।** संयुक्त किसान मोर्चा का पक्का मोर्चा दूसरे दिन भी जारी रहा। बृहस्पतिवार के धरने की अध्यक्षता भरतसिंह फौजी राजली की ने की। धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं कर रहे हैं। इस मौके पर रणबीर मलिक, शमशेर सिंह नम्बरदार, डॉ. करतार सिवाच आदि मौजूद रहे।

### खंड स्तर पर होंगे शिविर आयोजित

**हिसार।** सुरक्षा कार्यों के लिए आवेदित उम्मीदवारों का पंजीकरण कर प्रशिक्षण उपरांत स्थाई रोजगार प्रदान करने हेतु खंड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि खंड हांसी में 10 जनवरी को, खंड नारनौंद में 11 जनवरी को, खंड बरवाला में 12 जनवरी को, खंड उकलाना में 13 जनवरी को, अग्रोहा में 15 जनवरी को, आदमपुर में 16 जनवरी को, हिसार प्रथम में 17 जनवरी को व हिसार द्वितीय में 18 जनवरी को शिविर आयोजित किया जाएगा।

### ट्रैफिक नियमों की पालना करने के दिए निर्देश

**हांसी।** उप पुलिस अधीक्षक धीरज कुमार ने बृहस्पतिवार शहर के ई-रिक्शा चालकों को हांसी ट्रैफिक थाना एकत्रित करके ट्रैफिक के नियमों के बारे में जागरुक किया व बिना रजिस्ट्रेशन नंबर ई-रिक्शा व मोटरसाइकिल के पीछे जुगाड़ लगाने वालों को हिदायत देकर समझाया गया और धुंध के समय में और भी अधिक सतर्कता से वाहन चलाने के निर्देश दिए तथा अपने-अपने ई-रिक्शा पर यूनिक नम्बर लगाने बारे भी निर्देश दिए गए।

### राइट टू सर्विस एक्ट लागू करने की मांग

**हिसार।** शहर के सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनाए गए कानून राइट टू सर्विस एक्ट के अनुसार जनता के कार्य समय पर करने की मांग पर पार्षद अमित ग्रोवर ने सिविल सोसायटी संगठन के सदस्यों के साथ नगर निगम की बैठक का बहिष्कार करके धरने दे दिया। उन्होंने कहा कि शहर की सात मुख्य जनसमस्याओं शहर में मिल गेट, नवदीप कॉलोनी, महावीर कॉलोनी सहित अधिकांश क्षेत्रो में सीवरेज व्यवस्था ठप्प है।

### लुवास टीम ने पंजाबी विवि को हराया

**हिसार।** राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में चल रहे 19वें अखिल भारतीय कुलपति क्रिकेट टूर्नामेंट में लुवास की टीम ने अपने क्वाटर फाइनल मुकाबले में पंजाबी विश्वविद्यालय की टीम से 24 रनों से जीत दर्ज की। इसी के साथ टीम 30 टीमों के इस टूर्नामेंट में शीर्ष चार टीम में आ गई है।

### अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी नवीन पूनिया को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी नवीन पूनिया को हिसार पुलिस ने यूथ एंगेजमेंट कार्यक्रम के तहत ब्रांड एंबेसडर बनाया है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने बृहस्पतिवार को कहा कि युवा जोश और शौर्य के प्रतीक हैं। एक अनुशासित और प्रेरित युवा कार्यबल एक सभ्य समाज की सच्ची संपत्ति है। हिसार पुलिस यूथ एंगेजमेंट के लिए कार्यक्रम चला रही है। इसी कार्यक्रम के तहत हिसार पुलिस ने युवाओं को खेलो की ओर प्रेरित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी नवीन पूनिया को हिसार पुलिस का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है।

## विकसित भारत यात्रा पहुंची राखी शाहपुर और राखी खास

# सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

### अजय सिंधु ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्षेत्र के गांव राखी खास एवं राखी शाहपुर में पहुंचने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंधु ने यात्रा का स्वागत किया।


सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं व सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों का आह्वान भी किया। अजय सिंधु ने कहा कि सरकार की विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। जन संवाद कार्यक्रम में मौके पर बनाई गई वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन के प्रमाण पत्र बांटते हुए कहा कि मनोहर सरकार की ओर से प्रदेश में लागू किए गए परिवार पहचान पत्र ने प्रदेश के वृद्धजनों को पेंशन चालू कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने के झंझट से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 9 लाभार्थियों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए।



नारनौंद। गांव राखी खास में स्टॉल का अवलोकन करते हुए भाजपा नेता अजय सिंधु व अन्य। फोटो: हरिभूमि

**विकसित भारत संकल्प की दिलाई शपथ**

अजय सिंधु ने वहां उपस्थित नागरिकों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई। विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन करने उपरांत ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सरकार की योजना वाली प्रचार सामग्री नागरिकों को वितरित की गई। संकल्प यात्रा के दौरान एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया। इस अवसर पर जयवीर माजरा, पूर्व चेयरमैन अशोक राखी,अमरजीत लोहान, इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।



हांसी। लाभान्वित पात्र व्यक्तियों को वृद्धावस्था पेंशन प्रमाण पत्र सौंपते विधायक विनोद भयाना। फोटो: हरिभूमि

## हांसी हलके के चार गांवों में बनेंगे नए जल घरः विधायक

- ढाणी पीरांवाली, ढाणी पिरान व ढाणी कुम्हारान गांवों के कूड़ा करकट प्रबंधन के लिए बनवाया जाएगा सामूहिक कचरा प्वाइंट
- हल्के के सभी गांव को कवर करने के बाद शहर में भी पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के अभियान के चलते हलके के गांव ढाणी मेंहदा, भाटोल रागड़ान, ढाणी बुखारी तथा बाड़ा सुलेमान गांवों में जलघर बनाने की मंजूरी प्रदान कर दी गई है। जल्द ही इन चारों गांवों में जलघर व अन्य विकास कार्यों के टेंडर अलॉट कर निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। विधायक विनोद भयाना ने बृहस्पतिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ढाणी कुम्हारान तथा धर्मपुरा गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए दी। हांसी शहर में विकसित भारत यात्रा के तहत आयोजित होने वाले जन संवाद कार्यक्रमों के लिए 5 -6 स्थान चिन्हित किए जा रहे हैं। विधायक ने बताया कि ढाणी कुम्हारान गांव की कच्ची फिरनी को पक्का करवाने के लिए 27 लाख रुपये की राशि का प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने कहा की ढाणी कुम्हारान ढाणी पीरांवाली तथा ढाणी पीरान तीनों गांव के कूड़ा कर्कट प्रबंधन के लिए एक सामूहिक कचरा प्वाइंट स्थापित करवाया जाएगा। विधायक ने जन संवाद कार्यक्रम उपस्थित लोगों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करने की शपथ दिलवाई तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्थलों का अवलोकन किया।

## 67वीं नेशनल स्कूल हैंडबॉल-19 खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज आज

- शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता करेंगे प्रतियोगिता का शुभारंभ

**हिसार।** 67वीं नेशनल स्कूल हैंडबॉल-19 (बॉयज एंड गर्ल्स) खेलकूद प्रतियोगिता का 5 जनवरी को महाबीर स्टेडियम में आगाज होगा। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 1000 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें लडके और लड़कियां शामिल हैं। यह प्रतियोगिता आगामी 9 जनवरी तक चलेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता करेंगे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त उत्तम सिंह एवं अतिरिक्त उपायुक्त नीरज शिरकत करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग ने बताया कि जिले में तमिलनाडु, लद्दाख, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, केरला, विद्या भारती, सीबीएसई, आईसीएसई, आईपीएससी, एनवीएस टीमों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुकी हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग ने खिलाड़ियों के ठहराव, आवागमन के लिए बस तथा अन्य व्यवस्थाओं बारे निरीक्षण किया। ब्लॉक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी व प्राचार्य स्तर के अधिकारी एवं उनके साथ दो-दो सहायक के रूप में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई हैं।



## एनएसएस कैंप में वालंटियर्स ने सीखा ध्यान साधना

**हिसार।** सुशीला भवन रोड स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कैंप के चौथे दिन वालंटियर्स के लिए कई गतिविधियां करवाई गई। स्कूल प्रिंसिपल कमल कांत की अध्यक्षता में सरस्वती वंदना के बाद कैंप की शुरुआत की गई। हिन्दी प्रवक्ता सुनीता रानी ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास मजबूत करने और परीक्षा की तैयारी कर अच्छे अंक प्राप्त करने के टिप्स दिए और उन्हें ध्यान साधना की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि ध्यान साधना से व्यक्ति का आत्मविश्वास मजबूत होता है। इसे अपने जीवन में अपनाएं और नित्य प्रति ध्यान साधना करें। इस अवसर पर 57 स्वयंसेविकाएं शामिल हुई। विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ सफाई की और खेल में हिस्सा लिया।

## संगठन में नई नियुक्तियों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

भाजपा हिसार के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पूनिया को प्रदेश महामंत्री, निवर्तमान जिलाध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र को प्रदेश सचिव एवं महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. आशा खेदड़ को भाजपा हिसार जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्वकर्मा चौक पर एकत्रित हो भाजपा हिसार जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया के नेतृत्व मे लड्डू बांट कर खुशी जाहिर की। इस अवसर भाजपा हिसार जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीण बंसल, जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी, सहित उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सुरेंद्र पुनिया, कैप्टन भूपेंद्र सिंह व डॉ आशा खेदड़ की नियुक्तियों के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी सहित प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। इस अवसर पर नवीन कौशिक, मंडल महामंत्री तनुज खुराना, मंडल कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंगला, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनिल जोगी, ओमपाल यादव, डॉ. रमेश नायक, प्रवीण सहारा आदि मौजूद थे।



हांसी। नई नियुक्ति पर लड्डू बांटकर खुशी का इजहार करते भाजपा कार्यकर्ता।



## आंगनबाड़ी केंद्रों की 55 कार्यकर्ताओं को वितरित किए स्मार्टफोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में गर्भवती धात्री एवं 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों का डेटा कलेक्ट करके पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से ऑनलाइन करने के लिए आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन प्रदान किए जा रहे हैं। तीन सर्कल कुलेरी, किरोड़ी व नंगथला के आंगनवाड़ी केंद्रों की 55 कार्यकर्तओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। इस स्मार्टफोन से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समय-समय पर गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों का पोषाहार सहित संपूर्ण डेटा ऑनलाइन कर सकेंगी।

इस योजना के बाद सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों को आधार कार्ड के अनुसार पोषाहार दिया जाएगा। इस अवसर पर सुपरवाइजर भावना, असिस्टेंट सचिन, पोषण असिस्टेंट सुनीता, डीईओ विक्रम सिंह, राजबाला कुलेरी, कविता किरोड़ी व सुशीला नंगथला आदि मौजूद रहे।

## लाडवा के अमित, ललित और प्रवीण करेंगे हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

महाबीर स्टेडियम में होने वाले 67वें नेशनल स्कूल गेम्स हैंडबॉल अंडर-19 में लाडवा के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। विद्यालय शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता परमेंद्र मलिक ने बताया कि अंडर 19 आयुवर्ग लड़को में विद्यालय के खिलाड़ी प्रवीण, अमित, ललित हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि तीनों खिलाड़ी राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय लाडवा में सुबह सायं अभ्यास करते हैं व 12 वीं कक्षा के छात्र हैं। लाडवा के हैंडबॉल कोच अशोक पूनिया व महावीर पूनिया ने बताया कि लाडवा के अब तक 90 खिलाड़ी राष्ट्रिय व 8 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं। 30 से अधिक खिलाड़ियों हैंडबॉल कोट से सरकारी नौकरियां प्राप्त कर चुके हैं।



हिसार। हरियाणा में चयनित लाडवा गांव के खिलाड़ी।

# अपराधों की जांच कर त्वरित कार्रवाई करें : एसपी

- पुलिस अधीक्षक ने पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज, अपराध शाखा प्रभारियों के साथ किया अपराध समीक्षा गोष्टी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बृहस्पतिवार दोपहर बाद अपने कार्यालय में अपराध समीक्षा गोष्टी का आयोजन किया। मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने अपराधिक आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए पुलिस उप अधीक्षकों और थाना प्रभारियों के साथ विस्तृत विचार विमर्श किया। उन्होंने पुलिस उप अधीक्षकों व थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संगीन किस्म के अपराधों से जुड़ी शिकायतों की गहनता से जांच करके त्वरित कार्रवाई की जाए। लेकिन किसी भी मामले में अनावश्यक धारा न जोड़े, जिस अपराध में जो धारा बनती है वही जोड़े। इसके अलावा नशा तस्करी के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने व नशाखोरी का अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में जाए। उन्होंने मोस्टवांटेड, उद्घघोषित अपराधियों, बेल जम्परों व पैरोल जम्पर अपराधियों को पकड़ने के साथ ही उनकी प्रॉपर्टी अटैच करने के भी निर्देश दिए। पुलिस थानों में खड़े केस प्रॉपर्टी, अनक्लेम्ड और मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त वाहनों का जल्द से जल्द निपटारा करवाएं। लंबित पीएम, सीएम, या एचएम विंडो और सरल पोर्टल पर आई शिकायतों का समयावधि में निपटारा करे। लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने वाले अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर नजर रखे।



हांसी। अपराध समीक्षा गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद।

### डीएसपी सहित छह पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज करने की मांग पर अड़े परिजन

- डाबड़ा के पवन की आत्महत्या मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग
- परिजनों ने किया शव उठाने से इनकार, नागरिक अस्पताल में धरने पर बैठ गए परिजन

हिसार। निकटवर्ती गांव डाबड़ा निवासी युवक पवन की आत्महत्या मामले में डीएसपी सहित छह आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक परिजनों ने शव उठाने से इनकार करते हुए नागरिक अस्पताल में धरना शुरू कर दिया है। परिजन नागरिक अस्पताल में सीएमओ कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए हैं और पुलिस अधिकारियों के समझाने पर भी शव उठाने को तैयार नहीं है। परिजन इस संबंध में शुक्रवार को आगामी रणनीति तैयार करेंगे।मामले के अनुसार डाबड़ा निवासी लगभग 27 वर्षीय पवन एक दिन पहले फंदे पर लटका मिला था। परिजनों का आरोप है कि पवन को हिसार में कार्यरत रहे एक डीएसपी ने आत्महत्या के लिए मजबूर किया है। ऐसे में वे तब तक शव नहीं उठाएंगे, जब तक डीएसपी सहित 6 लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज नहीं कर लिया जाता। इस दौरान नागरिक अस्पताल में धरने पर बैठी मृतक की बहन को भी चक्कर आ गया और वह भी गिर पड़ी। परिजनों के धरने पर बैठने की सूचना पाकर डीएसपी अशोक कुमार मौके पर पहुंचे और बातचीत की। डीएसपी अशोक कुमार की परिजनों और बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने एक न सुनी।परिजन जब नहीं माने तो एएसपी राकेश कुमार मोहन भी मौके पर पहुंचे और बातचीत की। एएसपी ने परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के अलावा एससीएसटी एक्ट की धारा भी जोड़ दी है। परिजनों का कहना है कि जब तक आरोपियों कि गिरफ्तारी नहीं हो जाती शव नहीं उठाएंगे

## अध्यापकों ने हरियाणा सरकार की कर्मयोगी ट्रेनिंग को बताया सराहनीय

- नारनौंद ब्लॉक में अभी तक 540 अध्यापक ले चुके है ट्रेनिंग
- नारनौंद मॉडल स्कूल व खेड़ी आरोही स्कूल में चल रही है ट्रेनिंग



नारनौंद। मॉडल स्कूल में मिशन कर्मयोगी ट्रेनिंग के तहत कर्मयोगी बनने वाले अध्यापक।

**नारनौंद।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौंद में मिशन कर्मयोगी ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे ब्लॉक के सभी कर्मचारी हिस्सा ले रहे हैं। अभी तक इस ट्रेनिंग के माध्यम से सैकड़ों अध्यापक कर्मयोगी बन चुके हैं। ट्रेनिंग के दौरान अध्यापकों में हरियाणा सरकार की इस नई पहल के लिए काफी उत्साह दिखाई दे रहा है।

मॉडल स्कूल नारनौंद के अध्यापक डॉ. अजय लोहान ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा संचालित कार्यक्रम मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य नैतिक शासन को विकसित करना और सरकारी कर्मचारियों के कौशल और दक्षताओं को बढ़ाना है।

ट्रेनर अनिल मलिक व सोनू रानी ने बताया कि मिशन कर्मयोगी एक ऐसी ट्रेनिंग है, जिसमें हरियाणा सरकार के सभी विभागों में कार्यरत सभी कर्मचारी भाग लेंगे। डाइट मात्रश्याम से ट्रेनिंग के इंचार्ज रजत बामल व अनिल बूरा ने बताया कि जिले के प्रत्येक खंड में हरियाणा लोक प्रबंधन संस्थान गुरुग्राम के द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों के द्वारा हिसार जिले के सभी सरकारी कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी की ट्रेनिंग द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रत्येक खंड में शिक्षा विभाग के सरकारी कर्मचारी 30- 30 के दो बैच में मिशन कर्मयोगी हरियाणा का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### पटवारी व कानूनगो को धरना दूसरे दिन में प्रवेश

हिसार। दि रेवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन ने काम का बहिष्कार करते हुए जिला मुख्यालय पर बृहस्पतिवार को दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। धरना की अध्यक्षता जिला प्रधान आजाद सिंह ने की तथा मंच का संचालन गुरदेव शर्मा संचालन जिला उपप्रधान ने किया। जिला सचिव विकेश कुमार ने बताया कि यह धरना 5 जनवरी तक जारी रहेगा। पटवार संगठन के राज्य प्रधान जयवीर चहल पहुंच कर धरने को संबोधित किया। इसके अलावा जिला के अनेक किसान व कर्मचारी संगठनों व कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह गंगवा धरना को अपना समर्थन दिया। उन्होंने बताया कि पटवारी व कानूनगो की मांगें पिछले काफी समय से लंबित हैं, जिसमें मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार जनवरी 2016 से 32100 रुपए वेतनमान लागू किया जाए, प्रदेश में पटवारियों के रिक्त पड़े पदों को स्थाई भर्ती से भरा जाए, व ट्रेनिंग को डयूटी समय मे शामिल किया जाए व पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए, जब तक नई भर्तियां नहीं होती तब तक जिस पटवारी को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है उसे अन्य राज्यों की तर्ज पर वेतन व भत्ते दिए जाएं आदि मांगों प्रमुख हैं।

### वानप्रस्थ में 'नाचो नाचो….' के साथ नववर्ष 2024 का स्वागत

**हिसार।** वरिष्ठ नागरिकों की संस्था वानप्रस्थ की बुधवार की बैठक में नववर्ष 2024 का स्वागत गत वर्ष सर्वश्रेष्ठ गीत के ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित लोकप्रिय गाने ' नाचो नाचो ...' के प्रदर्शन के साथ किया। राजामौली की तेलुगु फिल्म आरआरआर के इस गीत पर रामचरण व जूनियर एन टी आर के ऊजार्पूर्ण नृत्य ने सभी दर्शकों को अति उत्साहित कर दिया।

**सूचना**

मैं, रणधीर सिंह पुत्र श्री छबीलाराम पुत्र श्री लिछमण निवासी काबरेल तहसील आदमपुर जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दिनेश मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### 18 हजार 867 व्यक्तियों की हुई मलेरिया जांच

**हिसार।** उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि दिसंबर मास के दौरान जिले में 18 हजार 867 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में एक मलेरिया केस पाया गया।

### जीजेयू ने परीक्षा परिणाम किए घोषित

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई 2023 में आयोजित एमएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीएससी मेडिकल द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीएससी मेडिकल विद बायोटेक्नोलॉजी द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, बीए ऑनर्स इंगलिश द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित किया है।

### कुलपति ने किया त्रैमासिक न्यूजलेटर का विमोचन

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के न्यूजलेटर के 13वें संस्करण टीपीसी-क्रॉनिकल का विमोचन कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई द्वारा कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में हुए एक कार्यक्रम में किया गया। विवि के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर सहित शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. देवेंद्र कुमार, कॉलेजिज अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार व प्रो. दलबीरउपस्थित रहे।

### हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की

# शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024 में पहुंचे सेना के अधिकारी





**हिसार।** शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव में फूलों की अलग-अलग वैरायटी की प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारी व उत्सव में लगी लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

तीन दिवसीय शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024 का आज समापन हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट न. 4 के नजदीक स्थित एग्री-टूरिज्म सेंटर व बोटेनिकल गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024 का आज समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि हिसार सेना छावनी के कमांडर एवं ब्रिगेडियर एस. राजीव ने शिरकत की।

इस दौरान उनके साथ हिसार सेना छावनी से लेफ्टिनेंट कर्नल शशांक मिश्रा व श्वेता श्रीवास्तवा, एडजुटेंट और क्वार्टर मास्टर मेजर आरसी सूयाल और लेफ्टिनेंट दीपक यादव भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि सहित अन्य सेना के अधिकारियों ने फ्लावर शो में लगी सभी स्टॉलों व उद्यानों का भ्रमण किया।

सभी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात कर विश्वविद्यालय के कार्यों की प्रशंसा की।

### ताजा पुष्प सज्जा में राजेश रहा प्रथम

उत्सव के अंतिम दिन स्कूली ग्रुप में सीनियर व जूनियर वर्ग एवं कॉलेज ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ताजा पुष्प सज्जा में, सूखे फूल सज्जा एवं ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें ताजा पुष्प सज्जा में प्रथम पुरस्कार आजाद नगर निवासी राजेश ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार जिंदल स्टील लिमिटेड, हिसार व तीसरा पुरस्कार गांव किरोड़ी निवासी अंकित शर्मा व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित ने जीता। सूखे फूल सज्जा में प्रथम स्थान पर गांव बहबलपुर निवासी रमेश, दूसरे स्थान पर ओपी जिंदल मॉर्डन स्कूल, हिसार व तीसरे स्थान पर रायपुर ढाणी निवासी रोहताश व गांव खरड़-अलिपुर निवासी मोहित रहे।

### प्रदर्शनी में दिखा उत्साह

कड़कड़ाती सर्दी होने के बावजूद काफी संख्या में लोग शहरी खेती एक्सपों एवं पुष्प उत्सव 2024 में अलग-अलग वैरायटी के फल, फूल व सब्जियों की प्रदर्शनियों को देखने के लिए पहुंचे थे, जिस दौरान उनका उत्साह देखने को बन रहा था। उत्सव के अंतिम दिन भी लोगों ने सुंदर-सुंदर फूलों के साथ अपनी सेल्फी खिंचवाई। सेल्फी प्वाइंट भी आकर्षण का केंद्र रहा। आमजन से लेकर किसानों व युवाओं ने विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में इजाद की गई नई-नई तकनीकों व प्रौद्योगिकियों के बारे में वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की।

### ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग में भव्या रही अव्वल

स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग पहली से पांचवी कक्षा की श्रेणी में प्रथम स्थान पर दा आर्यन स्कूल, हिसार की छात्रा भव्या रही, जबकि दूसरे स्थान पर माल कॉलोनी, हिसार निवासी अयिशा व तीसरे स्थान पर होली एंजल स्कूल की छात्रा यशस्वी और ओपीजेएमएस की छात्रा बृंदा रही। जबकि कक्षा 6 से 8वीं तक की उपरोक्त प्रतियोगिता में सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा महक पहले स्थान पर रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा मनप्रीत व तीसरे स्थान पर कैंपस स्कूल की छात्रा प्रज्ञा व सिद्धार्थ इंटरनेशन स्कूल की छात्रा श्रेया रही।

### सीनियर वर्ग में पलक ने मारी बाजी

ऑन दा स्पॉट ड्राइंग व पेंटिग प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा पलक रही, जबकि दूसरे स्थान पर आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा महक व तीसरे स्थान पर दा आर्यन स्कूल की छात्रा मोली गोयल रही। उपरोक्त प्रतियोगिता में कॉलेज ग्रुप में प्रथम पुरस्कार राजकीय कॉलेज, हिसार की छात्रा निशा ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार एफसी कॉलेज की छात्रा निहारिका व तीसरा पुरस्कार एसडीएमएम, हांसी की छात्रा मोनी ने जीता।



**हिसार।** कोर्स पुस्तिका का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# बीमारियों के बचाव की नवीन तकनीकों को अपनाना होगा

- लुवास में 36वें आईसीएआर सेंटर ऑफ एडवांस फैकल्टी ट्रेनिंग (कैफट) का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में बृहस्पतिवार को 36वें आईसीएआर, सेंटर ऑफ एडवांस फैकल्टी ट्रेनिंग (कैफट) का उद्घाटन किया गया। इस 21 दिवसीय पाठ्यक्रम के दौरान भारतवर्ष से विभिन्न क्षेत्रों के वैज्ञानिकों को पशुधन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आधुनिक निदान और नियंत्रण दृष्टिकोण विषय पर प्रशिक्षित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा महाविद्यालय, लुवास के अधिष्ठाता डॉ गुलशन नारंग ने बताया कि पशु पालकों को उत्तम पशु उत्पाद तथा पशुओं से आमदनी में वृद्धि के लिए पशुओं एवं कुक्कुट में होने वाली बीमारियों के निदान तथा बचाव की नवीन तकनीकों को अपनाना होगा। उन्होंने माइक्रोबायोलॉजी और इम्यूनोलॉजी के क्षेत्र में अनुसंधान में निरंतर सुधार के लिए पशु चिकित्सा माइक्रोबायोलॉजी विभाग की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने पाठ्यक्रम के आयोजकों द्वारा तैयार प्रशिक्षण पुस्तिका का भी विमोचन किया। विभागाध्यक्ष एवं पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. राजेश छाबड़ा ने 8 राज्यों से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा अनुसंधान, शिक्षण, विस्तार और मानव संसाधन विकास गतिविधियों के संचालन में विभाग के गौरवशाली इतिहास का वर्णन किया।

### करेंगे प्रशिक्षित

पाठ्यक्रम के संयोजक डॉ. अंशुल लाठर और डॉ. प्रवीन कुमार ने बताया कि ट्रेनिंग में देश के 8 राज्यों से कुल 15 वैज्ञानिक तथा प्राध्यापकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डॉ. मनोज रोज, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. पवन कुमार, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. वीएस पंवार, एचआरएम निदेशक डॉ. राजेश खुराना, आईपीवीएस निदेशक डॉ. सतपाल दहिया उपस्थित रहे।

# छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों का फ्लावर शो में भ्रमण

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय के लगभग 130 से अधिक विद्यार्थियों ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बॉटनी व प्लांट फिजियोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित अर्बन फार्मिंग एक्सपो व फ्लावर फेस्ट का किया दौरा किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने बताया कि इस प्रकार के मेलों का भ्रमण करने से विद्यार्थियों में सौंदर्यात्मक व प्रकृति प्रेम का भाव विकसित होने के साथ-साथ सुखद अनुभूति होती है। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन डॉ. मोनिका व सुनीता लाखलान ने किया।



**हिसार।** हकृवि में फ्लावर फेस्ट का भ्रमण करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



**हिसार।** दीपेश को सम्मानित करते झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन। फोटो : हरिभूमि

### झारखंड के राज्यपाल ने दीपेश को किया सम्मानित

**हिसार।** भारत सरकार द्वारा आयोजित युवा संगम चरण 3 के तहत हिसार निवासी दीपेश को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने स्मृति पुस्तिका देकर सम्मानित किया। बता दें कि युवा संगम चरण-3 के लिए हरियाणा के कुल 30 लड़के तथा 18 लड़कियां भाग ले रही हैं। दीपेश भी हिसार से प्रतिनिधि के तौर पर शामिल है। दीपेश ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र आपस में मिलकर एक दूसरे राज्य के निवासी युवाओं का आदान-प्रदान कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल की और से वह रांची गया हुआ है। कार्यक्रम के अंत में महामहिम राज्यपाल ने चाय पर चर्चा के दौरान दीपेश की निजी तौर पर भी सराहना की एवं दीपेश को इसी प्रकार के कार्यों में उत्प्रेरित रहने के लिए उत्साहित किया।

# जीजेयू के बागवानी विभाग का शानदार प्रदर्शन

- एचएयू में हुई प्रदर्शनी में तीन प्रथम व सात तृतीय पुरस्कार जीते, कुलपति ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** बागवानी विभाग के कर्मचारियों को बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो व तीन जनवरी को हुई पुष्प प्रदर्शनी में गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के बागवानी विभाग ने शानदार प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय के बागवानी विभाग ने इस पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताओं में तीन प्रथम तथा सात तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं। विभाग के कर्मचारी पुरस्कारों के साथ बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने मिले। कुलपति तथा कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने भी इस उपलब्धि के लिए बागवानी विभाग के कार्यों की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय निर्माण विभाग के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. एचसी गर्ग व बागवानी विभाग के निदेशक प्रो. अशोक चौधरी ने इस उपलब्धि के लिए बागवानी विभाग को बधाई दी। कार्यकारी अभियंता रघुबीर सिंह सुंडा ने बताया कि विश्वविद्यालय के बागवानी विभाग ने इस पुष्प प्रदर्शनी में फ्रैश फ्लावर एरेंजमैंट, ड्राइव फ्लावर एरेंजमेंट व पोटिड फोलियाज प्लांट वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके अतिरिक्त ड्राइव फ्लावर एरेंजमेंट, पोटिड गुलदावदी, पोटिड पाम्स, फ्रैश फ्लावर एरेंजमैंट, ड्राइ फ्लावर एरेंजमेंट, पोटिड पाम व फ्रैश फ्लावर एरेंजमैंट वर्ग में तृतीय स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी संजय सिंह, विभाग के सलाहकार लेंडस्केप पाला राम व माली उपस्थित रहे।

# प्लेसमेंट सत्र में जीजेयू के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

- कुलपति ने दी विद्यार्थियों विभागाध्यक्ष व अन्य को बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस साल के प्लेसमेंट सत्र में बेहतरीन सफलता प्राप्त की है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस सफलता को विद्यार्थियों की मेहनत और प्रतिबद्धता का परिचायक बताया है, जिससे उन्हें अच्छे पैकेजों पर नौकरी प्राप्त हुई है। कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने विद्यार्थियों, विभागाध्यक्ष व विवि के अन्य अधिकारियों को बधाई देते हुए को कहा कि इससे वे न केवल अपने आत्मविश्वास को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि हमारे विश्वविद्यालय का भी नाम रोशन कर रहे हैं। यह विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जाना जाता है। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय का विद्यार्थियों के प्रति समर्पणशीलता और विशेषज्ञता का परिणाम है कि विद्यार्थी उच्च स्तरीय रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, और अपने करियर की शुरुआत करने में सफल हो रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन और शिक्षकों के भरपूर मार्गदर्शन ने विद्यार्थियों इस सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के अधिष्ठाता प्रो. कर्मपाल नरवाल ने कहा कि यह सत्र हमारे विद्यार्थियों के नौकरी प्राप्त करने का एक बहुत बड़ा सकारात्मक क्षण है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के निदेशक डॉ. प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि इस सत्र में एचएसबी से कुल 40 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में हो चुका है। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर प्रो. संजीव कुमार ने भी विद्यार्थियों की मेहनत और उद्यमिता की सराहना की। इस अवसर पर प्लेसमेंट सैल के सहायक निदेशक डॉ. आदित्यवीर सिंह, प्रो पीके गुप्ता, प्रो. दलबीर सिंह, एचएसबी प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रमोद, डॉ. कोमल, डॉ. अंजलि गुप्ता, डॉ. पूजा गोयल आदि उपस्थित रहे।

### हवाई फायरिंग करने वाले दो और गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने राजगुरु मार्केट में हवाई फायरिंग करने के मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें राजीव नगर निवासी अजय उर्फ अज्जू और शिव कॉलोनी निवासी सुरजीत उर्फ जीतू शामिल है। एएसआई राममेहर ने बताया कि तीन आरोपितों ने घटना के दिन राजगुरू मार्केट में सैनी स्वीट्स के पास हवाई फायरिंग की थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की तो पता चला कि मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने राजगुरु मार्केट में दहशत फैलाने के इरादे से हवाई फायरिंग की है। टेकड़ा मोहल्ला निवासी मुकुल, बाल्मिकी मोहल्ला निवासी विकास और प्रियांसु को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयोग अवैध हथियार और मोटरसाइकिल बरामद की थी। आरोपितों ने दहशत फैलाने के इरादे से राजगुरु मार्केट में सैनी स्वीट्स के पास हवाई फायरिंग की थी। आरोपित अजय उर्फ अज्जू और सुरजीत उर्फ जीतू भी इस वारदात में शामिल थे।



**हिसार।** कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व मंत्री संपत सिंह। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा शासन के नौ वर्ष केवल धरने प्रदर्शन व आंदोलन में बीते : संपत

**हिसार।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री संपत सिंह ने कहा है कि भाजपा के पिछले नौ वर्ष लोगों के धरना व प्रदर्शन में बीते। नववर्ष की शुरुआत भी धरना व प्रदर्शन से शुरू हुई है। संपत सिंह बृहस्पतिवार को 19वें मोहल्ला मिलन जनसंपर्क अभियान के तहत क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन बंसीलाल जांगड़ा ने आजाद नगर की कर्ण कुंज कॉलोनी में लोगों के सहयोग से किया था। इस मौके पर बिहारी लाल शर्मा, सतबीर माथुर, राजाराम बिश्नोई, अमरसिंह पूर्व सरपंच, अमीलाल जांगड़ा, जगमेन्द्र भुक्कल, पोकर बिश्नोई, दिलबाग कटारिया, सुभाष वर्मा, चत्तर सिंह सुण्डा, सोना देवी, केला देवी जांगड़ा, राजो नैन आदि उपस्थित थे।

### अधिकारियों के लिए कोई मायने नहीं रखती सीएम की घोषणाएं : खोवाल

**हिसार।** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने अपने कार्यकाल में जो भी घोषणाएं की है या तो उन्हें इनकी जानकारी नहीं है या जानबूझकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। दूसरा पहलू यह है कि अधिकारी सीएम की घोषणाओं को मलियामेट करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 से 2023 के बीच 2246 घोषणाएं हुई जिनमें से मात्र 462 ही पूरी हुई हैं। 742 पर कार्य प्रगति पर दिखाया जा रहा है जबकि 19 ऐसी घोषणाएं है जिन्हें पूरा करना संभव ही नहीं है तो फिर ऐसी घोषणाओं का क्या औचित्य बनता है। उन्होंने कहा कि सरकार झूठी घोषणाएं करके जनता को गुमराह करती रही है। अधिकतर को पेंडिंग खाते में डाल दिया जाता है।

### नाबालिगछात्रा के साथ की छेड़खानी मामला दर्ज, आरोपी फरार

**नारनौंद।** उपमंडल के एक गांव में एक छात्रा के साथ पड़ोस के ही युवक ने छेड़खानी कर जान से मारने की धमकी दे दी। पुलिस ने लड़की के पिता के बयान पर पोस्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। फिलहाल इस मामले में आरोपित युवक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पीड़ित लड़की के पिता ने बताया कि उसकी बेटी गांव के ही सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ती है। पड़ोस में रात को शादी थी। वह सब शादी में गए हुए थे और उनकी बेटी भी शादी में गई हुई थी। जब वह शादी में से अकेले घर आ रही थी तो रास्ते में ही पड़ोस में रहने वाला एक युवक उसको उठा ले गया और उसके साथ छेड़खानी की। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जब वह चिल्लाई तो वह उसको वहीं पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसकी शिकायत पुलिस को दी है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

### शहर के अधिकांश बाजारों में 10 फीट की सड़कें रह गई 6 फीट की

# दुकानदारों के अतिक्रमण के चलते सिकुड़ रही सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शहर की समस्याओं के समाधान को लेकर बार-बार मीटिंग कर समस्याओं को हल करवाने की दावा किया जाता रहा है। मीटिंग्स में अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को आदेश भी दिए जाते हैं, परंतु ये आदेश केवल फाइलों तक ही सिमट कर रह जाते हैं। शहर में वैसे तो कई समस्याएं है जिनका प्रशासन समाधान करने का दावा करता है। परंतु प्रशासन आज तक शहर की सड़कों पर दुकानदारों द्वारा किए जा रहे अवैध अतिक्रमण हो हटवा नहीं पाया है। शहर में अतिक्रमण की अति के चलते वाहनों की गति पर ब्रेक लग जाते है। हर समय शहर के मुख्य बाजारों व मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से शहर की सड़कें सिकुड़ कर रह गई हैं इसके अतिरिक्त शहर में वाहनों के पार्किंग स्थल की व्यवस्था नहीं होने के चलते बाजार में खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों द्वारा सड़क पर अपने वाहनों को पार्क कर दिया जाता है।



**हांसी।** दुकानों के बाहर अतिक्रमण के चलते प्रताप बाजार में लगा जाम।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएंगे

*शहर में जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। इस संदर्भ सैनेट्री इंस्पेक्टर को आदेश दिए गए हैं जल्द ही शहर की सड़कों से अतिक्रमण हटवा कर शहर को जाम मुक्त करवा दिया जाएगा।*

*-राजाराम, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद*

### दुकान के सामने जगह किराए पर दी!

शहर के उमरा गेट, छाबड़ा चौक, सदर बाजार, लंबा बाजार, बड़सी गेट, पुराना बस स्टैंड रोड़, तिकोना पार्क व चौपटा बाजार के दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे की जगह किराए पर दे रखी है और दुकानदारों द्वारा 500 से एक हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से किराया वसूला जा रहा है। इस कारण सड़क की चौड़ाई 10 फीट से सिमट कर 6-7 फूट रह गई है।

### नो एंट्री के बोर्ड के बाद भी प्रवेश कर रहे हैं भारी वाहन

प्रशासन की ओर से भी शहर को जाम मुक्त करने के लिए शहर में एंट्री करने वाली सड़कों पर भारी वाहनों की नो एंट्री के बोर्ड जरूर लगाए हुए है। परंतु भारी वाहन चालकों में ना तो प्रशासन का डर है और ना ही पुलिस का। पूरा दिन बाजारों में भारी वाहन बड़े आराम से एंट्री करते हैं।

### दुकानों के बाहर लगी हैं छोटी-छोटी दुकानें

व्यस्तम बाजारों में शामिल छाबड़ा चौक, उमरा गेट, चौपटा बाजार में रेडीमेड गारमेंट्स, ज्वेलर्स, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, होजरी, सूज व पंसारी की दुकानें है। अधिकतर दुकानों के बाहर किराए पर बैठे लोगों ने छोटे-छोटे फड़ लगा रखे हैं।